# निरीक्षण आख्या

नगर निगम सीमान्तर्गत आने वाले एन0एच0 एवं सर्विस रोड की सफाई व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था ठीक प्रकार से न होने के कारण एन0एच0 से सम्बन्धित विषय का संज्ञान लेकर आयुक्त महोदय, आगरा मण्डल, आगरा द्वारा एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।



उपरोक्त के कम में दिनांक 23.12.2020 को एन0एच0ए0आई0 के श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी के साथ एन0एच0 एवं सर्विस रोड का निरीक्षण किया गया।


निरीक्षण के दौरान हाईवे इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि सफाई का टैण्डर हुआ है। वर्कऑडर जारी किया जा चुका है, परन्तु वर्तमान में सफाई कार्य नहीं कराया रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूछा गया कि सफाई टैण्डर में क्या–क्या प्राविधान है। हाईवे इंजीनियर द्वारा प्रतिउत्तर में बताया गया कि एन0एच0 मैन रोड पर रोड स्वीपिंग का प्रोविजन है लेकिन रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध नहीं है। सफाई के लिये हाईवे पर प्रत्येक 10 किलोमीटर पर एक गैंग तैनात की हुयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सफाई का रूट चार्ट प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही–श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी)**



स्कॉप ऑफ वर्क के अनुसार डिवाइडर को मैनटैन करना है, परन्तु डिवाईडर मैनटेन नहीं किया गया है। प्लांटेशन का प्राविधान है, परन्तु प्लांटेशन भी नहीं किया गया है। हाईवे इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि शहर के अन्दर होकर निकल रहे एन0एच0 पर स्टोन नं0 134 से 152 तक रैलिंग का कार्य किया जा चुका है। स्ट्रीट लाइट न जलने के सम्बन्ध में हाईवे इंजीनियर तथा कॉन्ट्रेक्टर द्वारा बताया गया कि

माह मई 2020 से लाइट का बिल जमा न होने के कारण लाइट कटी हुयी, जिस कारण स्ट्रीट लाइट बन्द है। हाईवे इंजीनियर एवं कॉन्ट्रेक्टर को स्कॉप ऑप वर्क के सम्बन्ध में विस्तृत नही थी इसलिये स्कॉप ऑफ वर्क की कॉपी नगर निगम में उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये।
**(कार्यवाही–श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी)**



एन0एच0 पर आवारा पशु घूमते है उनके लिये हाईवे इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि कोई प्राविधान नहीं है।

फ्लाई ओवर के नीचे रंगाई–पुताई की भी कोई व्यवस्था नहीं है। सर्विस रोड की सफाई का प्राविधान है परन्तु सफाई नहीं करायी जा रही है। डिवाईर पर रंगाई–पुताई, रोड मार्किंग एवं कैटआई सही सही कराये जाने हेतु निर्देश दिये। कैटआई एवं रोड मार्किंग का कार्य कब तक करा दिया जायेगा, हाईवे इंजीनियर एवं कॉन्ट्रेक्टर अवगत नहीं करा पाये।
**(कार्यवाही–श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी)**

एन0एच0 के किनारे सर्विस रोड की तरफ स्थायी निवासियों द्वारा उपले लगा रखे है, जिससे काफी गन्दगी दिखाई देती है। इसलिये माह में 04 दिन सफाई अभियान चलाये जाने हेतु श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर, श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम मथुरा–वृन्दावन की समिति बनाते हुये प्रत्येक माह की दिनांक 01,10,18,27 को विशेष सफाई अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सफाई अभियान के दौरान स्वयं मौके पर उपस्थित रहेंगे तथा फोटोग्राफ उपलब्ध करायेंगे।
**(कार्यवाही–क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम, श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी)**



मौके पर गन्दगी पर्याप्त मात्रा में होने के कारण निर्देश दिये गये कि

दिनांक 24.12.2020 को समिति विशेष सफाई अभियान चलायेगी एवं जिन लोगों द्वारा उपले बना रखे है, उन पर जुर्माने की कार्यवाही करेगी। जुर्माने किये जाने हेतु हाईवे इंजीनियर द्वारा मना कर दिया गया तो क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम को निर्देशित किया गया कि वह नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार जुर्माने की कार्यवाही करेंगे।
**(कार्यवाही–क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम, श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी)**

डिवाइडर पर कुछ स्थानों पर प्लांटेशन हो रखा है वह बहुत खराब स्थिति में है, उसे सुधारने हेतु हाईवे इंजीनियर को निर्देशित किया गया। पुराने आर0टी0ओ0 ऑफिस के पास डिवाइडर पर रैलिंग लगी हुयी नहीं मिली, उक्त स्थल पर लोगों का आवागमन काफी बना रहता है। आबादी क्षेत्र है। हाईवे इंजीनियर को रैलिग लगवाये जाने के लिये निर्देश दिये।
**(कार्यवाही–श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी)**

एन0एच0 के किनारे सर्विस रोड की तरफ नाले के पास सर्विस रोड का भाग काफी कच्चा पाया गया, वहां सी एण्ड डी0 वेस्ट काफी मात्रा में पडा हुआ था। उसे पक्का कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। हाईवे इंजीनियर द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु टैण्डर किया हुआ है। जल्द ही कार्य करा दिया जायेगा। उक्त टैण्डर में ठेकेदार को कितना भाग करना है एवं क्या–क्या करना है, इसका पूर्ण विवरण नगर निगम कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।
**(कार्यवाही–श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी)**

23/12/20

(रविन्द्र कुमार मॉंदड़)
नगर आयुक्त,
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।

# कार्यालय नगर निगम मथुरा–वृन्दावन

पत्रांकः 365/PH.टी-2/निरीक्षण/2020-21 दिनांकः 23-12-20

प्रतिलिपि–

1. आयुक्त महोदय, आगरा मण्डल, आगरा को, दिये गये निर्देशों के क्रम में सादर अवलोकनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को सादर अवलोकनार्थ।
3. अपर नगर आयुक्त/प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को अनुपालनार्थ।
5. श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी को अनुपालनार्थ।
6. आई0टी0 एक्सपर्ट, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को इस आशय से कि निरीक्षण आख्या की प्रति बेव पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

नगर आयुक्त,

नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।

# कार्यालय नगर निगम मथुरा–वृन्दावन

पत्रांकः 365/एम टी-2/निरीक्षण/2020-21 दिनांकः 23-12-20

प्रतिलिपि–

1. आयुक्त महोदय, आगरा मण्डल, आगरा को, दिये गये निर्देशों के क्रम में सादर अवलोकनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को सादर अवलोकनार्थ।
3. अपर नगर आयुक्त/प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को अनुपालनार्थ।
5. श्री लोकेश शर्मा हाईवे इंजीनियर व श्री शुभम हाईवे इंजीनियर तथा श्रीवास्तव कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी व श्री विरेन्द्र कॉन्ट्रेक्टर रिलाइंस कम्पनी को अनुपालनार्थ।
6. आई0टी0 एक्सपर्ट, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को इस आशय से कि निरीक्षण आख्या की प्रति बेव पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

23/12/20

नगर आयुक्त,
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।